हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

06 भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय...

07 ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र ग्राम विकास पखवाड़ा ...







## खबर संक्षेप

### द्वारकाधीश मंदिर में बसंत पंचमी पर सरस्वती वंदना महोत्सव आज

**विदिशा।** किलेअंदर स्थित द्वारकाधीश मंदिर में आज शुक्रवार को बसंत पंचमी-सरस्वती वंदना महोत्सव मनाया जाएगा। ठाकुरजी को पीले वस्त्र धारण कराने के साथ उनका पीले रंग के मोतियों से श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर समिति के मुखिया पं.गिरजेश मिश्रा ने बताया कि टेसु-पलाश के पीले पुष्पों से निर्मित जल में इत्र मिलाकर उस रंग से भक्तों पर होली रंग की वर्षा की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण श्री वृषभानुजा-राधिकाजी के संग कुंज में पधारेंगे और उन पर रंग-गुलाल तथा पुष्पों की वर्षा होगी। दोपहर में 1:30 बजे भगवान को केसरिया भात का भोग लगाया जाएगा।

### शिविरों में आवेदनों के निराकरण के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान शिविरों में प्राप्त आमजनों के आवेदनों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नोडल अधिकारियों को सतत निगरानी रखने को कहा। जिला शहरी विकास अभिकरण के अनुसार यह अभियान 12 जनवरी से जिले की सभी नगरीय निकायों में जारी है। अब तक 19 शिविरों के माध्यम से 435 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 का मौके पर समाधान किया गया। शेष आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई जारी है। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी राहत प्रदान करना है।

### शिविर में किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

**विदिशा।** शमशाबाद तहसील के ग्राम भियाखेड़ी में आयोजित कृषि कल्याण शिविर में किसानों को शासन की योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ. योगेश पटेल सहित कृषि व अन्य विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता की। कृषि रथ के माध्यम से योजनाओं, नवीन कार्यक्रमों एवं लाभकारी तकनीकों का प्रचार-प्रसार किया गया। अधिकारियों ने किसानों से समय पर पंजीयन कराने, योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने और आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान किया। शिविर में किसानों की समस्याएं सुनकर समाधान हेतु मार्गदर्शन भी दिया गया।

### 25 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**विदिशा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहनी शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह 25 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे बेतवा सभाकक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र को सशक्त करना एवं मतदाता जागरूकता बढ़ाना है। 25 जनवरी शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों को 23 जनवरी शुक्रवार को सुबह 11 बजे शपथ दिलाई जाएगी।

### नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी द्वारा थाना पठारी में दर्ज अपराध में फरार आरोपी गुल्ला पुत्र बाबूलाल आदिवासी निवासी ग्राम खजूरिया थाना पठारी की सूचना देने वालों को पांच हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### रामलला स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी निकाली

**लटेरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में सुबह भोर होते ही भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु, पुरुष एवं महिलाएं, भजन-कीर्तन करते हुए पूरे नगर में प्रभु श्री राम का नाम सुमरन कर भक्तिभाव से भ्रमण किए। प्रभात फेरी की शुरुआत सुबह 6 बजे रेंज वाली माता मंदिर से हुई, जिसमें बैंड बाजा और संगीतमय भजन गूंजे। मंदिरों पर कीर्तन मंडलियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### फॉर्म-7 के दुरुपयोग पर आपत्तिकर्ताओं व दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

# वास्तविक मतदाताओं के नाम काटने का आरोप, कांग्रेस ने जताया विरोध

*मतदाता सूची में वास्तविक मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोपों को लेकर लटेरी में कांग्रेस की सक्रियता से राजनीतिक हलचल देखने को मिली।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी



लटेरी। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

एसआईआर के बाद नाम जोड़ने–काटने और कथित झूठी आपत्तियों के विरोध में कांग्रेस एकजुट हुई। जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी एवं जिला प्रभारी पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर की उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पहले रेस्ट हाउस में बैठक की, इसके पश्चात तहसील कार्यालय की ओर कूच किया।

तहसील प्रांगण में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मतदाता सूची से अवैध रूप से नाम काटे जाने तथा फॉर्म-7 के दुरुपयोग को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई गई।

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि क्षेत्र के कई वास्तविक मतदाताओं के नाम बिना किसी ठोस कारण के मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। यह कार्य फॉर्म-7 के माध्यम से किया जा रहा है जो निर्वाचन आयोग के नियमों के विरुद्ध है। कांग्रेस का कहना है कि कई मामलों में आपत्तिकर्ता का नाम, पता एवं शपथ पत्र संलग्न नहीं है, जबकि भारत निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि पूर्ण विवरण एवं शपथ पत्र के बिना फॉर्म-7 वैध नहीं होता। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद संबंधित बीएलओ द्वारा बिना समुचित विधिक जांच और भौतिक सत्यापन के मतदाता सूची में संशोधन किया जा रहा है, जिससे वास्तविक मतदाताओं का मतदान अधिकार प्रभावित हो रहा है। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ गंभीर अन्याय बताया गया। कांग्रेस ने सभी अवैध फॉर्म-7 को तत्काल निरस्त करने, हटाए गए वास्तविक मतदाताओं के नाम शीघ्र जोड़ने तथा दोषी व्यक्तियों व अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला प्रभारी प्रभुसिंह ठाकुर, पूर्व प्रत्याशी गग्नेंद्र सिंह रघुवंशी, सुरेंद्र उपाध्याय, नरेश सक्सेना, अरविंद धाकड़, शैलेंद्र कौरव, मनोज जैन सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शिकायत की है**

वास्तविक मतदाताओं के नाम काटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस संबंध में शिकायत की गई है। कांग्रेस मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। - **यदवीर सिंह बघेल,** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, लटेरी

**ऐसा नहीं होता**

किसी भी आपत्ति मात्र से नाम नहीं काटा जाता। पहले भौतिक सत्यापन होता है। यदि मतदाता अपना नाम यथावत रखना चाहता है तो आपत्ति खारिज कर दी जाती है। - **नितिन जैन,** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व

# बच्चेदानी में सुई और कपड़ा छोड़ा, महिला की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- फरियादी ने डिलीवरी करने वाले नर्सों पर लगाए आरोप।

ग्राम मुराहर निवासी विनोद विश्वकर्मा ने त्योंदा अस्पताल में अपनी पत्नी विशाखा विश्वकर्मा की डिलीवरी के दौरान गंभीर लापरवाही होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के दौरान डॉक्टर ने बच्चेदानी में हल्का कट लगाया था और टांके लगाए। लेकिन टांके लगाते समय लापरवाही से बच्चेदानी में सूई छोड़ दी गई और ब्लड को रोकने के लिए अत्यधिक कपड़े अंदर भर दिए गए। इस बात की जानकारी उन्हें या परिवार को नहीं दी गई। शाम करीब 5 बजे विशाखा की तबियत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया।

विदिशा में एक्सरे कराने पर पता चला कि बच्चेदानी में सूई रह गई है, जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई। विनोद विश्वकर्मा ने त्योंदा अस्पताल की नर्स शिवानी और सारिता नामक स्टाफ पर लापरवाही के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है। यह घटना अस्पताल प्रशासन के लिए चिंता का विषय है और इसकी जांच कर उचित कार्रवाई आवश्यक है।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार स्वीकारते हैं कि मामला गंभीर है। बारीकी से जांच करवाएंगे। एक्सरे देखकर लग रहा है कि टांके लगाते समय सुई टूट गई होगी। ब्लीडिंग रोकने के लिए कॉटन का उपयोग करना पड़ता है। जिसे बाद में निकाला जाता है।

# नटेरन, कुरवाई में अवैध वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने शुक्रवार को नटेरन एवं कुरवाई क्षेत्र में अवैध एवं नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग के दौरान कुल 15 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 9 वाहनों से शमन शुल्क के रूप में 1 लाख 64 हजार की वसूली की गई। शेष 6 वाहन जब्त कर पुलिस थाना परिसर नटेरन एवं कुरवाई में खड़े कराए गए हैं। जब्त वाहनों में 2 वाहनों पर मध्यप्रदेश मोटरयान कर के लगभग 3.5 लाख रुपये बकाया पाए जाने की जानकारी सामने आई है। इन जब्त वाहनों से लगभग 4 लाख के राजस्व की प्राप्ति होने की संभावना है। अभियान के दौरान विशेष रूप से बीना रिफाइनरी से फ्लाईऐश का परिवहन करने वाले डंपरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। श्री वर्मा ने बताया कि एक स्लीपर कोच बस की फिटनेश को रद्द किया गया।

### जिला कौशल समिति की बैठक में आईटीआई में 100% प्रवेश के निर्देश

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासकीय आईटीआई प्राचार्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी आईटीआई में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए विद्यालयों, अनुसूचित जाति–जनजाति हॉस्टलों तथा शाला त्यागी बालिकाओं के बीच प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए। रोजगार व स्वरोजगार मेलों में वीडियो क्लिप के माध्यम से जानकारी देने, पासआउट छात्रों को स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने तथा रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराने को कहा गया। साथ ही पीएम विश्वकर्मा, आरसेटी पाठ्यक्रम एवं मुख्यमंत्री सीखो–कमाओ योजना में पात्र युवाओं के पंजीयन पर विशेष बल दिया गया।

## चारों राजकुमारों की बहुओं को लेकर अयोध्या पहुंचे, मनाई गईं खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रामलीला में गुरुवार को श्रीराम विवाह के बाद विवाह उत्सव मनाया गया। श्रीराम बारात के अयोध्या वापसी के बाद अयोध्या में चारों तरफ हर्षोल्लास का वातावरण बना रहा। घर घर खुशियां मनाई गईं, मंगलगीत गाए गए। नारियां प्रसन्न होकर सुसज्जित स्वर्ण थालियों से चारों राजकुमारों एवं बहुओं की आरती उतारती हैं एवं बहुरानियों को देखकर अति प्रसन्न होती हैं। राजमहल में माताएं द्वार पर बहुओं सहित कुमारों की आरती उतारकर गहने,मणी, वस्त्र आदि न्योछाबर कर देती हैं तथा वेद एवं कुल की रीति के अनुसार महल में प्रवेश कराती हैं। महाराज दशरथ बारातियों को वस्त्र, मणि एवं गहने भेंट करती हैं एवं अयोध्या के सब नर-नारियों को पहरावनी देती हैं। मेले में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी हैं और दुकानों भी सजकर तैयार हो चुकी हैं।

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार, चाकू भी जब्त

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के आरोपी को गिरफ्तार किया है। 21 जनवरी को जय स्तंभ कॉम्पलेक्स बड़ी बजरिया क्षेत्र में हुई गंभीर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। आरोपी पंकज यादव (21) निवासी नाई मोहल्ला तोपपुरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त किया गया।

# 15 फरवरी तक 100% लक्ष्य हासिल करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा





कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक हुई। कलेक्टर ने 15 फरवरी तक 100% लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने जिले के अनबैंक्ड ग्रामीण क्षेत्रों में बीसी कियोस्क खोलने तथा एसआरएलएम की बैंक सखियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बताया गया कि ए.यू. स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 8 तथा एसबीआई ने 5 ग्रामीण स्थानों पर कियोस्क खोलने की कार्यवाही पूर्ण कर ली है। इस उत्कृष्ट कार्य पर ए.यू. स्मॉल फाइनेंस बैंक को 26 जनवरी को प्रशस्ति पत्र देने के निर्देश दिए गए। पीएम स्वनिधि योजना में 15 फरवरी 2026 तक लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एसआरएलएम अंतर्गत 70.13 करोड़ रुपए का स्व-सहायता समूह ऋण वितरित किया जा चुका है। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक, लटेरी द्वारा 180 समूहों को 5.50 करोड़ रुपए ऋण वितरण पर सराहना की गई। उद्यम क्रांति योजना में 295 में से 208 प्रकरणों का वितरण कर लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना में भी प्रगति को संतोषजनक बताया गया।

लटेरी के कियोस्क संचालक प्रीतम सिंह यादव द्वारा विभिन्न योजनाओं में किए गए उत्कृष्ट पंजीयन कार्य की प्रशंसा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ओमप्रकाश सनोडिया, नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक जगप्रीत कौर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक भगवान सिंह बघेल सहित सभी बैंकों एवं विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। लीड बैंक प्रबंधक बीएस बघेल ने आभार व्यक्त करते हुए बैठक के निर्णयों पर शीघ्र अमल का आश्वासन दिया।

# स्कूल में घुसकर शिक्षकों से हाथापाई कर बीएलओ संबंधी दस्तावेज फाड़ा

**पुलिस ने फरियादी शिक्षक की शिकायत पर मामला दर्ज किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

ग्यारसपुर शिक्षा विभाग के अंतर्गत संकुल केंद्र हैदरगढ़ की शासकीय प्राथमिक शाला धोखेड़ा पिपरिया स्कूल में गुरुवार को एक गंभीर घटना सामने आई।

सुबह करीब 11 बजे कपिल जोशी स्कूल परिसर में पहुंचे परिसर में साफ सफाई को लेकर अभद्रता करते स्कूल में मौजूद शिक्षक प्रदीप त्रिवेदी व बाबूलाल अहिरवार शिक्षक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।

घटना के दौरान शासकीय कार्य में जानबूझकर बाधा डाली गई, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल पूरी तरह से प्रभावित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने शिक्षकों के साथ हाथापाई करने के साथ-साथ बीएलओ दस्तावेज भी फाड़ दिया, जो शासकीय दस्तावेज है।

घटना के बाद विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

### शिक्षकों का मेडिकल कराया, जांच शुरू की

थाना प्रभारी रोहित सिंह कौरव बताया कि शिक्षक की शिकायत पर पुलिस ने एसटी–एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर शिक्षकों का मेडिकल कराया है। इस घटना ने शिक्षा विभाग की सुरक्षा व्यवस्था और स्कूलों में शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

## विदिशा के खिलाड़ियों ने खेलो एमपी प्रतियोगिता में लहराया परचम

# स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने 30 से अधिक पदक जीतकर विदिशा जिले का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलो एमपी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल जगत में उपस्थिति दर्ज कराई है। 19 जनवरी को आयोजित इस प्रतियोगिता में जिलेभर से 350 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की, जिसमें स्प्रिंगफील्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने 30 से अधिक पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

बालिकाओं की रिले टीम पलक मेवाड़ा, रागिनी जाट, उत्कर्षा रघुवंशी एवं नैनम अहिरवार ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि बालकों की टीम शिवम कुमार, कलश टाटा, आशीष मीणा एवं विवेक प्रजापति ने रजत पदक हासिल किया। विद्यालय संचालक योगेन्द्र सिंह राणा, प्राचार्य विनय अग्रवाल एवं डायरेक्टर करण प्रताप सिंह राणा ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए इसे मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया। खेल प्रशिक्षक लक्ष्मीनारायण कुशवाह ने कहा कि नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर खिलाड़ी आने वाले समय में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

### स्वर्ण पदक विजेताओं का रहा दबदबा

प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वालों में पलक मेवाड़ा (100 मीटर), नितिन यादव (3000 मीटर व 1500 मीटर), अनुज वर्मा (800 मीटर), रागिनी जाट (800 मीटर), स्पर्श कुमार व नैनम अहिरवार (जेवलिन थ्रो), समिष्ठा सिंह राजपूत व अंश राणा (डिस्कस थ्रो), अथर्व खंडेलवाल (शॉटपुट), उत्कर्षा राघुवंशी (लंबी कूद), आशीष मीणा (400 मीटर बाधा दौड़), रुद्र प्रताप (डिस्कस थ्रो व शॉटपुट) तथा पूर्वी दांगी (ऊंची कूद) शामिल रहे। जिन्होंने स्प्रिंगफील्ड स्कूल का नाम जिलेभर में रोशन किया

### रजत और कांस्य पदकों की भी झड़ी

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों में रजत पदक विजेताओं में पालक मेवाड़ा (लंबी कूद), अन्मोल पन्नू (200 मीटर), वंश राघुवंशी (800 मीटर), रागिनी जाट (शॉटपुट), कुलसुम आब्दी (800 मीटर), शिवम कुमार (400 मीटर व लंबी कूद), तेज प्रताप (1500 मीटर), सोम्या दांगी (जेवलिन थ्रो), अंश राणा (शॉटपुट), अथर्व खंडेलवाल (डिस्कस थ्रो), आशीष मीणा (110 मीटर बाधा दौड़) एवं हर्षित दांगी (ऊंची कूद) रहे। स्पर्श कुमार और नैनम अहिरवार ने ऊंची कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# बीना–भोपाल रेलखंड पर कोच कटौती से बढ़ा यात्रियों का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- शिकायत के बाद भी अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ।

बीना–भोपाल रेलखंड पर लगातार की जा रही कोच कटौती से उत्पन्न गंभीर यात्री संकट को लेकर रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, भोपाल मंडल के सदस्य कमलेश सेन ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

सेन ने पत्र में बताया कि यह रेलखंड भोपाल, विदिशा, गंजबासोदा, कुरवाई, सांची और बीना जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा समान है, जिस पर प्रतिदिन हजारों विद्यार्थी, शासकीय एवं निजी कर्मचारी, व्यापारी और दैनिक यात्री निर्भर हैं। मेमू ट्रेनों में कोच घटने से बढ़ी भीड़ के अनुसार बीना–भोपाल रेलखंड पर संचालित मेमू एक्सप्रेस ट्रेनों में कोचों की संख्या 12 से घटाकर 8 कर दी गई है। इससे ट्रेनों में अत्यधिक भीड़, यात्रियों को लंबी दूरी तक खड़े होकर यात्रा करने की मजबूरी, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव तथा दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

### बार-बार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

उन्होंने बताया कि इस समस्या को लेकर 4 अक्टूबर, 30 अक्टूबर एवं 12 नवंबर 2025 को संबंधित रेल अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गईं। 15 अक्टूबर 2025 को हुई बैठक में भी विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3510
उच्चतम भाव-6360
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव- 3600
उच्चतम भाव- 5492
मसूर
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-7200
ज्वार
न्यूनतम भाव-5460
उच्चतम भाव-7400
मक्का
न्यूनतम भाव-1350
उच्चतम भाव- 1700
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3500
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-3945
धनिया
न्यूनतम भाव-7900
उच्चतम भाव-8400
उडद
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6760
गेंहू
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-3340
तुअर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
बटरी
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-4111
अलसी
न्यूनतम भाव-7560
उच्चतम भाव-7560
मटर
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3460
अन्य
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-5615

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 17757 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# माघ मेले की मर्यादा से खिलवाड़, रीलबाजी के लिए धर्म को किया जा रहा बदनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा पालकी के साथ संगम स्नान को लेकर योगी सरकार और उत्तर प्रदेश शासन प्रशासन के साथ तथाकथित उपजे विवाद पर संत समाज के भीतर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। नगर में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने आए रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने एक विशेष चर्चा में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में पालकी सहित जुलूस और संगम स्नान को लेकर उठे विवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि धर्माचार्य का कार्य धर्म की रक्षा करना है, न कि धार्मिक आयोजनों की मर्यादा भंग करना। जगदगुरु डॉ. वेदांती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि माघ मेला भारतवर्ष के तपस्वी संतों, गृहस्थों और कल्पवासियों का मेला है, जहां मंत्र-जप, तप साधना और संयम का वातावरण रहता है। माघ मेले में शाही स्नान या शोभायात्रा की कोई प्राचीन परंपरा नहीं है। शाही स्नान केवल कुंभ और महाकुंभ में होता है। ऐसे में माघ मेले में इस प्रकार की गतिविधियां श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा दोनों के विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से जगदगुरु शंकराचार्य, महामंडलेश्वर या महंत माघ मेले में शोभायात्रा नहीं निकालते, जिससे आम भक्तों को असुविधा हो। इसके बावजूद यदि जानबूझकर अनुशासन तोड़ने और भीड़ को उकसाने का प्रयास किया जाए, तो प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने पड़ते हैं। डॉ. वेदांती ने प्रयागराज माघ मेले में मेला प्रशासन और सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शासन-प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया। मार्गदर्शन से लेकर सुरक्षा तक, हर स्तर पर पुलिस और प्रशासन ने विनम्रता के साथ



जिम्मेदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाना अनुचित और दुर्भावनापूर्ण है। जगदगुरु ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर विवाद खड़ा कर सोशल मीडिया पर रील बनाने और प्रचार पाने के उद्देश्य से सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इससे न केवल सरकार, बल्कि हिंदू धर्म और विश्व प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र की छवि भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान में हिंदू समाज सनातन धर्म तीर्थों को, मंदिरों को संरक्षण, पोषण देने वाली सरकार मिली है, तो संत समाज और अनुयायियों की भी जिम्मेदारी है कि वे मर्यादा और अनुशासन का पालन करें। अविमुक्तेश्वरानंद के शंकराचार्य पद को लेकर चल रहे विवाद के सवाल पर भी जगदगुरु ने गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य घोषित करने की परंपरागत प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। वह मनमुखी शंकराचार्य हैं, उनके गुरु स्वरूपानंद जी ने उन्हें शंकराचार्य घोषित नहीं किया, फिर भी इस पद का उपयोग कर सार्वजनिक विवाद खड़ा किया जा रहा है। जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती ने दो टूक कहा कि संत किसी एक पार्टी, दल या विचारधारा के नहीं होते। संत का दायित्व वेद, शास्त्र, पुराण और गुरु परंपरा के अनुसार आचरण करना है। माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन को विवाद और प्रचार का मंच बनाना धर्म की मर्यादा के खिलाफ है और इसका वह समर्थन नहीं करते। ज्ञात हो कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य हैं, लेकिन उनके शंकराचार्य पद को लेकर संत समाज में विवाद है और अन्य शंकराचार्य उन्हें मान्यता नहीं देते, जिस कारण प्रयागराज माघ मेले में उनके प्रोटोकॉल को लेकर हाल ही में विवाद हुआ था। उन्होंने अपने गुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद खुद को ज्योतिर्मठ का शंकराचार्य घोषित किया था, जिस पर कानूनी और धार्मिक सवाल उठे हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है।

## नगर में मना रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्सव, बेसहारा लोगों को कराया भोजन

# भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हुए आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि आस्था के लिए दूरी कोई बाधा नहीं होती। भौगोलिक रूप से अयोध्या भले ही दूर रही, लेकिन रामलला के भक्तों में श्रद्धा के भाव इतने प्रबल थे कि नगर के मंदिरों और आयोजनों में अयोध्या जैसा वातावरण दिखाई दिया। गुरुवार को नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर दिन भर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला मंडलों ने भजन—कीर्तन के माध्यम से रामलला के आगमन का उत्सव मनाया। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया। ज्ञात हो कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर



गंजबासौदा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उपस्थित महिला शक्ति



गंजबासौदा। सैकड़ों लोगों ने की भोजन प्रसादी

बनकर तैयार हो चुका है। अभी तक देश भर से करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। नगर के स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर सहित अन्य मंदिरों के अलावा बहलोट बाईपास स्थित पिपलेश्वर नवदुर्गा मंदिर में महिला मंडली ने निराश्रितों और बेसहारा लोगों के लिए अपने हाथों से पकवान तैयार कर भोजन कराया। कार्यक्रम के दौरान कन्या पूजन कर नारी शक्ति और भारतीय परंपराओं का सम्मान किया गया। सुहागिन महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित कर उन्हें भी भोजन प्रसादी परोसी गई। मंदिर में निराश्रितों के लिए संचालित निशुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन मंदिर में 100 से अधिक निराश्रितों को भोजन कराया जाता है। तहसील परिसर विश्रामगृह के पास बेसहारा निराश्रितों के लिए वर्षों से संचालित अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र सेवा समिति द्वारा संचालित निशुल्क भोजनालय में भी भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का उत्सव श्रद्धा आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया। अन्नपूर्णा समिति के संस्थापक मगन दुबे ने बताया कि भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव नानाजी वाली गली स्थित हनुमान मंदिर के साथ समिति के भोजनालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 500 से अधिक बेसहारों को पकवान की प्रसादी परोसी गई। साथ ही सभी ने एक साथ श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का उच्चारण करते हुए एक दूसरे को बधाई दी।

# सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में कार्यशाला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य डॉक्टर अनामिका प्रजापति,प्रभारी प्राचार्य शिवकुमारी रघुवंशी के मार्गदर्शन ई ग्रंथालय से संबंधित वर्कशॉप का आयोजन कक्ष क्रमांक 8 में किया गया। इस कार्यशाला में छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को लाइब्रेरी से विभिन्न ज्ञान उपयोगी पाठ्यक्रम संबंधी पुस्तके ई लाइब्रेरी से सर्च करने एवं ई लाइब्रेरी से प्राप्त होने वाले अन्य लाभों से सभी को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के ग्रंथपाल डा प्रकाश चंद्र मौर्य द्वारा बडी स्क्रीन के माध्यम से उपस्थित छात्राओं को ई लाइब्रेरी पर लॉगिन करके पूरी प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही लाइब्रेरी के कंप्यूटर या स्वयं के मोबाइल से इस सुविधा का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# खदान में मिला ग्रामीण युवक का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को उदयपुर में सुबह के समय एक पत्थर खदान के पानी में 45 वर्षीय मुकेश साहू का शव मिला। आशंका है कि खदान में डूबने की वजह से युवक की जान गई है। घटना की खबर मिलते ही गुस्साए परिवार वालों ने उदयपुर के मुख्य रास्ते पर चक्का जाम कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के बेटे लक्की साहू के मुताबिक, उनके पिता मुकेश बुधवार को हमेशा की तरह काम पर निकले थे। जब वह शाम तक अपने घर नहीं लौटे, तो परिवार ने उनकी काफी तलाश की और पुलिस को भी जानकारी दी।

गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों ने खदानों की तरफ जाकर देखा, तो वहां पानी से भरी एक खदान में मुकेश का शव नजर आया। शव मिलने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को बंद कर परिवार को सरकारी मुआवजा दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा मुख्य मार्ग पर किए जा रहे धरना प्रदर्शन और हंगामे की सूचना मिलते ही तहसीलदार अरविंद यादव और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जा रही है और परिवार को उचित सहायता दिलाने की पूरी कोशिश की जाएगी, जिसके बाद जाम खोला गया। परिजनों का कहना था कि मुकेश साहू ही अपने घर में अकेले कमाने वाले सदस्य थे। उनके पीछे परिवार में दो बेटे लक्की, योगेश और एक बेटी अनामिका हैं। पिता की अचानक मौत से परिवार के सामने पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान



**गंजबासौदा।** केंद्रीय कृषि व ग्रामीण मंत्री एवं स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में भाग लेने प्रातः 10 बजे पंजाब मेल एक्सप्रेस से बासौदा पधारेंगे और सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी के फाइनल मैच में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह समारोह में भी केंद्रीय मंत्री चौहान शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री स्थानीय तारण तरण जैन पाठशाला में प्रारंभ होने वाले विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भी शुभारंभ करेंगे। उसके बाद मंडीदीप के लिए रवाना होंगे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधि, नेताओं व गणमान्य नागरिकों से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रमों में पधारने की अपील की है।

### प्रमोद सिंह महासचिव बने



**गंजबासौदा।** श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति की बैठक का आयोजन बस स्टैंड पर हुआ। जिसमें समिति के नवीन अध्यक्ष प्रवीण प्रताप सिंह जादौन ने संरक्षण मंडल एडवोकेट राम सिंह राजपूत, नेत्रपाल सिंह विशाल सिंह भदोरिया, हरिसिंह कक्का, चन्दर सिंह मसूदपुर , भैरों सिंह, महेंद्र सिंह सिकरवार, वीरेंद्र सिंह, सीबी सिंह गौतम एवं समस्त संरक्षण मंडल से मिलकर कार्यकारिणी का विस्तार किया। प्रमोद सिंह राजपूत को महासचिव बनाया गया, रणजीत सिंह को कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, सौभाग्य सिंह को प्रवक्ता, प्रचार प्रसार मंत्री धीरेन्द्र सिंह सिकरवार को, धर्मशाला प्रभारी किशोर सिंह भदौरिया, कार्यालय प्रभारी संतोष सिंह, सांस्कृतिक मंत्री अमरसिंह तोमर,निर्माण समिति अध्यक्ष अमान सिंह, सह निर्माण अध्यक्ष निरंजन सिंह, दुर्गा वाहिनी में रंजीता सिंह, मंजू सिंह, नीता सिंह, मीडिया प्रभारी देवेंद्र राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए बालाराम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, माखन सिंह, शैलेन्द्र राठौर, उपाध्यक्ष राजपाल राजपूत, राजा चौहान, सतनाम सिंह, हनुमंत सिंह, डॉ वीरसिंह, सबल सिंह, बैजनाथ सिंह चंद्रपाल सिंह, अमोल सिंह, शंभू सिंह, रघुवीर सिंह, जगपाल सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव राजेंद्र भदौरिया, पुष्पेंद्र सिंह गोलू, राकेश राजपूत, संजय सिंह, कृष्णपाल सिंह, सहसचिव शंभू सिंह, यशवंत सिंह, विनोद राजपूत, राजवीर राठौर, चंद्रभान तोमर, धर्मेंद्र पवार,वीर सिंह, देवराज पवांर, संगठन मंत्री योगराज सिंह, अखिलेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह को बनाया गया। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मन्नू, बसन्त सिंह, मुकेश सिंह,किशोर सिंह सिसोदिया सहित समस्त राजपूत सरदारों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# उत्साह से मनाया जाएगा पालकी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का अत्यंत शुभ एवं पावन पर्व है। यह पर्व ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, जब प्रकृति में बसंत का आगमन होता है। चारों ओर हरियाली, पुष्पों की सुगंध और उल्लास का वातावरण बन जाता है। यह दिन ज्ञान, विद्या, कला, संगीत एवं वाणी की देवी माँ सरस्वती की आराधना को समर्पित होता है। इस दिन पीले वस्त्र धारण किए जाते हैं,पीले पुष्प अर्पित किए जाते हैं,और शुभ कार्यों का आरंभ किया जाता है। विशेष मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन बाबा श्याम के शीश पर जो विशेष वस्त्र बांधा जाता है,वही वस्त्र भक्तों को प्रसाद स्वरूप प्रदान किया जाता है। विश्वास है कि जिस भक्त को यह पावन वस्त्र प्राप्त होता है, उसके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं धन-धान्य की वृद्धि होती है तथा सभी बाधाएँ और कष्ट दूर होते हैं। पालकी महोत्सव भक्ति, श्रद्धा और आनंद का अद्भुत संगम होगा। ढोल-नगाड़ों की गूंज,भक्तिमय भजनों की मधुर स्वर-लहरियाँ, पुष्पवर्षा और रंग-बिरंगी झांकियों के साथबाबा श्याम की भव्य पालकी नगर भ्रमण करेगी। पूरा नगर "जय श्री श्याम" के जयघोष से गूंज उठेगा और वातावरण श्याममय हो जाएगा। यह पर्व नई शुरुआत का प्रतीक है ज्ञान, विद्या, कला और संगीत में उन्नति का दिन है। पीला रंग समृद्धि, ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है। विवाह, गृह प्रवेश, व्यापार आरंभ जैसे शुभ कार्यों के लिए श्रेष्ठ दिन है। मन में उत्साह और वातावरण में मधुरता का संचार करता है। श्रद्धालुजन परिवारजनों एवं मित्रों सहित अधिक संख्या में पधारकर भव्य पालकी महोत्सव में सहभागी बनें और बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें। पालकी यात्रा में भजन पंक्तियाँ बसंत आई खुशहाली लाई, श्याम की पालकी संग खुशियाँ छाई गाई जाती रहेंगीं।

## छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को दी विभिन्न जानकारियां

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जन अभियान परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गमाकर में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत "ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश" अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला एवं युवा दिवस विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र का पूजन-अर्चन कर किया गया। इस अवसर पर हजारीलाल पाटस्कर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए ग्रामीणजनों को स्वदेशी अपनाने, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण को ग्राम विकास की आधारशिला बताया। ग्राम के शासकीय हाई स्कूल गमाकर प्राचार्य गोपालदास पंथी ने कहा कि किसी भी कार्य को परिणाम तक पहुँचाने का प्रयास होना चाहिए तथा जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही बच्चों में खेल भावना एवं खेल उत्साह को बढ़ाने को लेकर परामर्शदाता रितु दांगी द्वारा चेयर रेस सहित अन्य खेलों का आयोजन कराया गया। खेल कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत के सरपंच कमल सिंह रघुवंशी द्वारा विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी उपस्थितजनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई तथा ग्राम में रैली निकालकर जन-जागरूकता फैलाई गई। साथ ही गांव की दीवारों पर स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ जैसे नारों का लेखन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता सीमा शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जगदीश प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम में सुरजन सिंह रघुवंशी, मोहन सिंह रघुवंशी, चेतन कुर्मी, अरविंद शर्मा, अपूर्वा, रुचि श्रीवास्तव सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अज्ञात बुजुर्ग की मौत

**गंजबासौदा।** ग्राम घटेरा के पास सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात वाहन द्वारा एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी गई। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक बुजुर्ग की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### कांग्रेसियों पर की पानी की बौछारें



**गंजबासौदा।** आदिगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को शाम के समय जय स्तंभ चौक पर प्रदर्शन करते हुए योगी, मोदी सरकार का पुतला दहन करने का प्रयास किया। लेकिन पुतला का दहन करने के पहले पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए फायर बिग्रेड की मदद से पानी की बौछारें कर गीला कर दिया और कार्यकर्ताओं को रोककर उनसे पुतला छीन लिया। पुलिस द्वारा पुतला छीन लेने पर कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक पर बैठकर अपना विरोध जताया।

# माय स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




नगर के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय माय स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की विविध संस्कृति के रंग, मंच पर बिखेरे। इस कार्यक्रम में धार्मिक एवं राष्ट्रीयता से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। सुभाष निकेतन परिसर में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका की अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजन करके किया। विशेष अतिथि के रूप में भारती निकेतन के प्रबंधक दिग्विजय सिंह चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भी देश की विविध लोक संस्कृति के दर्शन अपने सामूहिक नृत्य के माध्यम से कराया। बच्चों ने भगवान राम के जीवन पर आधारित एक नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति दी। वहीं नौ देवी के रूपों को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत प्रोत सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। इस अवसर पर पिछले सत्र में जिन विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, उन्हें मंच से ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन ध्वजा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अंजलि दुबे एवं विद्यार्थियों ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में अर्पित तारण ने आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया

# ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र ग्राम विकास पखवाड़ा में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में संचालित नवांकुर योजना के तहत चयनित संस्था जनकल्याण समाज सेवा समिति गरेंठा द्वारा सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बांसखेड़ी गूगल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पण कर दीप जलाकर मां भारती की जयकारा लगाते हुए किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे एडवोकेट शैलेंद्र सिंह रघुवंशी,संस्था कचनारिया ग्राम विकास शिक्षण समिति से रामचरण कुर्मी,ग्राम के वरिष्ठ समकसेवी रामकृष्ण धाकड़, विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी उपस्थित रहे। वही रामचरण कर्मी द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार में लोगों को बताई गई ऐसी योजनाएं जिनके माध्यम से हम तुरंत लाभ ले और हमारे बच्चे भी इसका फायदा उठाते रहे। शासन द्वारा ऐसी अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।



**समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं कार्यक्रम**

*इस अवसर पर एडवोकेट शैलेंद्र रघुवंशी ने कहा कि हम अपनी रोजमर्रा की साधनों में अनेकों विदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हैं जिससे हमारे देश की आर्थिक स्थिति में समस्या उत्पन्न हो रही है। हमें अपनी स्वदेशी हमारे मिट्टी से जुड़ी हमारे देश से जुड़ी हमारे अपनों से जुड़ी अपने आप से जुड़ी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। जिससे देश का विकास होगा और देश समृद्ध होगा। लोगों में परस्पर आत्मता भावना जागृत होगी,स्वदेशी अपनाने से हम तन मन धन से मजबूत होंगे। वही चरण सिंह राजपूत द्वारा बताया गया कि प्रजापति समाजजनो ने मटका बनाना बंद नहीं किया। बल्कि हमने मटका खरीदना बंद कर दिया है इसी प्रकार से विदेशी वस्तुएं हमारे घरों में प्रवेश कर गई है हमने अपनी आपसे जुड़ी सामग्रियों को छोड़ दिया है त्याग दिया है वह बंद नहीं हुई हमने उनको बंद कर दिया है। वही उन्होने शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि परिषद शासन की योजनाएं एवं अंतिम व्यक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाने का कार्य करती है जिससे लोग समृद्ध बने योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचे इसलिए संस्था समिति और सीएमसीएल डीपी छात्रों के माध्यम से अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर करती है।*

**परिषद द्वारा संचालित पाठ्यक्रम के बारे में दी जानकारी**

*कार्यक्रम के आयोजक संस्था के प्रमुख किशोर कुमार ने कहा कि हम सभी ग्रामवासी समृद्ध होंगे इस बात को समझेंगे कि ग्राम विकास से ही मध्य प्रदेश का संपन्न होना संभव हो पाएगा। जिसके लिए हमें पर्यावरण संरक्षण,स्वावलंबी भारत स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग शिक्षा में बढ़ावा देना। नशा मुक्त समाज करना,जल संरक्षण करना इत्यादि कार्यों में हमें बड चढ़कर भाग लेना होगा। इस मौके पर उपस्थित परामर्शदाता दिनेश शाक्य के द्वारा परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस बीच कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रसफुटन समिति कोरवासा से धर्मराज शर्मा,ग्राम विकास प्रसफुटन समिति कादरपुर से रतनलाल साहू,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गरेंठा से सुनील शाक्य,संस्था कार्यक्रम सामान्य अंकेश पटेल,सीएमसीएलडीपी बीएसडब्ल्यू छात्र वीरन कुर्मी,लालाराम,भैया लाल, रूप सिंह, भैया लाल सेन,अमोल सिंह,हजारीलाल, धनराज सिंह, प्राण सिंह, दिमान सिंह, सुमित धाकड़, अमित धाकड़, गोल खान, भूरा हरिजन, प्रेम सिंह, शिवम हरिजन, वैभव धाकड़ सहित अन्य ग्रामीण लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी वस्तु को अपनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों द्वारा संकल्प लिया गया एवं नवांकुर संस्था प्रमुख किशोर कुमार द्वारा उपस्थित मंचासीन अतिथि एवं ग्रामीणवासियों व युवा साथियों का आभार व्यक्त किया।*

# देश के सबसे बड़े मीडिया विश्वविद्यालय में पहली बार पहुंचे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सांदीपनि स्कूलों के नाम से पहचाने जा रहे सीएम राइज स्कूलों और अन्य हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के लिए भोपाल में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) आकर्षण का केंद्र बन गया है। सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के आठ स्कूलों के दो सौ से अधिक विद्यार्थी देश के सबसे बड़े और एशिया के पहले पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पहुँचे और भावी पत्रकारों से मिले।

इस विघार्थियो ने अभी तक पत्रकारिता विश्वविद्यालय का केवल नाम सुना था। कुछ तो पहली बार ही भोपाल आए। माखनपुरम परिसर में सौ साल की सौ घटनाओं पर केंद्रित फ्रंट पेज कवरेज प्रदर्शनी ह्लसदी साक्षी हैह्न देखकर वे भारत और मीडिया के इतिहास से रूबरू हुए। इस अवसर पर कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि वे स्वयं विदिशा जिले के एक गाँव से इसी विश्वविद्यालय में पढ़ने आए थे और यहीं से निकले विद्यार्थी देश भर के अखबारों, रेडियो चैनलों, विज्ञापन एजेंसियों और टीवी न्यूज चैनलों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अवसरों की कोई कमी नहीं है। अपने करिअर के श्रेष्ठ विकल्प के रूप में इसे चुना जाना चाहिए। देश के प्रसिद्ध कार्टूनिस्टों की कार्टून कृतियों ने इन विद्यार्थियों को देर तक रोके रखा। अब तक उन्होंने अखबार में खबरें पढ़ी थीं या टीवी पर देखी थीं। लेकिन विश्वविद्यालय में आकर वे अभिभूत हुए कि यहाँ से निकले विद्यार्थी ही देश भर के मीडिया संस्थानों में काम करते हैं। अखबारों में छपते हैं, रेडियो पर सुनाई देते हैं, विज्ञापन बनाते हैं और टीवी पर दिखते हैं। इस मौके पर प्राचार्य महेश ताम्रकार ने बताया कि लंबे से यह योजना थी कि बच्चों को देश के सबसे बड़े मीडिया विश्वविद्यालय की सैर कराई जाए। हो सकता है इनमें से कुछ भविष्य में यहीं आकर पढ़ना चाहें। विद्यार्थी यहाँ आकर बहुत प्रसन्न हुए और उन्हें खबरों के पीछे की कई नई जानकारियाँ मिलीं। विश्वविद्यालय के गजेंद्र अवास्या और मनीषा वर्मा ने उन्हें परिसर में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी।






# जाति प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे हैं आदिवासी-विकलांग, शासन की असंवेदनता उजागर: बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पथरिया के एक विकलांग आदिवासी ज्ञान सिंह द्वारा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से आहत होकर कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में आत्मदाह का प्रयास करने की घटना ने शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है।

इस गंभीर मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत तथा एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने कड़ी निंदा की है। उन्होने कहा कि ग्राम पथरिया का यह मामला कोई अपवाद नहीं है, बल्कि जिले के कई विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों में सैकड़ों आदिवासी, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं गरीब सर्वहारा वर्ग के लोग वर्षों से जाति प्रमाण पत्र के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में आवेदकों से खुलेआम रिश्वत मांगी जाती है और रिश्वत देने के बाद भी उनके जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाते। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में ये लोग शिक्षा, रोजगार, पेंशन, विकलांग सहायता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही और भ्रष्टाचार से तंग आकर लोग मानसिक रूप से टूट चुके हैं और कई प्रकरणों में आत्मघाती कदम तक उठाने को मजबूर हुए हैं। वही एडवोकेट सुभाषिनी बोहत ने कहा कि यह पहली घटना नहीं है जब कोई व्यक्ति जनसुनवाई में आत्मदाह के लिए मजबूर हुआ हो। पूर्व में भी ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जहां तक कि कुछ लोगों ने विदिशा जनसुनवाई में जहर खाकर आत्महत्या तक कर ली। यह शासन की नाकामी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने मांग की कि ग्राम पथरिया के उक्त आदिवासी विकलांग का तत्काल जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए, साथ ही प्रदेशभर में लंबित सभी पात्र आदिवासी, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी किए जाएं तथा दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बामोरीसाला सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम बरेज में युवा दिवस पर आयोजन

# ग्राम चौपाल का आयोजन, स्वदेशी अपनाने का संकल्प

**सिरोंज।** बामोरीसाला सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम बरेज में युवा दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

कस्बाताल समिति के अध्यक्ष माखन सिंह महावर ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान समितियों द्वारा ग्राम विकास, सामाजिक जागरूकता और जनकल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में रुचि लेते हुए योजनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे और लाभ लेने की प्रक्रिया को समझा। ग्राम चौपाल में धन सिंह पाल, नीरज सेन, समिति अध्यक्ष अभिषेक राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव नवल सिंह राजपूत द्वारा किया गया।



# वार्षिकोत्सव में छात्रों की प्रतिभा ने मोहा मन विधायक बोले- शिक्षा से ही मजबूत बनेगा राष्ट्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल वर्धा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम उत्साह और उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक एवं देशभक्ति से जुड़े रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एक से बढ़कर एक प्रस्तुत किए। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य केवल परीक्षा पास करना नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और कर्तव्यबोध के साथ आगे बढ़ना होना चाहिए। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति, समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। विद्यालय की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक मीणा ने एक ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराने की घोषणा की। साथ ही विद्यालय में बाउंड्री वॉल एवं कम्प्यूटर लैब निर्माण के लिए विशेष प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर बीईओ राकेश सेन, भगवान सिंह धाकड़, शैलेन्द्र बघेल, सरपंच प्रहलाद सिंह कुशवाह, यशपाल रघुवंशी, अभिनंदन धाकड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रहलाद यादव, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह धाकड़, गणेश बाबू शर्मा,अतुल यादव, निर्मल सिंह धाकड़, मनमोहन यादव, चक्रेश शर्मा, बाबूलाल धाकड़ ,सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन, विद्यालय स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेलों में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के तहसील मैदान में संदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना रहा। उत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कबड्डी और दौड़ मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेलों में हिस्सा लिया, जिससे मैदान खेल भावना से सराबोर नजर आया। प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों और प्रतिभागियों को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत ग्यारसपुर के सरपंच राजू कुशवाह उपस्थित रहे।

उनके साथ सचिव नरसिंह दास बैरागी, खेल अधिकारी कविता अहिरवार, धुर्व लोधी, रूप सिंह पटेल, सीताराम कुशवाह, जितेंद्र कुशवाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता बताई।

## विद्यार्थियों को मिले स्वेटर और पुरस्कार

**विदिशा।** विदिशा प्रतिभा विकास संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षाविद कीर्तिशेष बाबूलाल आर्य 'आनंद' की 15वीं पुण्यतिथि 22 जनवरी को संकल्प दिवस के रूप में प्रतिभा विकास भवन, पूरनपुरा में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे रहे। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं छात्राओं द्वारा वेद मंत्रों के सस्वर पाठ से हुआ। संस्था के उपाध्यक्ष अतुल रतनशीशाह ने कहा कि नि:शुल्क शिक्षा के उद्देश्य से संस्थान सतत कार्य कर रहा है, जिससे संस्थापक की आत्मा को निश्चित ही संतोष मिल रहा होगा।

# अनुभूति कार्यक्रम में छात्राओं ने हिस्सा लेकर प्राप्त किए पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

गुरुवार को वन विभाग दक्षिण द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का बड़ी मदागन पर आयोजन किया गया।

अनुभूति कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजीव श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव ने बच्चों को वन एवं वन्य प्राणियों, जैव विविधता, इको पर्यटन से संबंधित जानकारी दी। उपस्थित मुख्य अतिथि एसडीओपी अमरेश वोहरे एवं थाना प्रभारी जय सिंह लटेरी द्वारा बच्चों को पर्यावरण से संबंधित रोचक एवं तथ्यात्मक जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चे वन विभाग की कार्यशैली, वन एवं वन्य प्राणी के संरक्षण की गतिविधि से अवगत हुए। कार्यक्रम को उपस्थित जन प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भी संबोधित किया। वन विभाग द्वारा बच्चों को जंगल भ्रमण कराकर क्विज एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला की छात्रा कुमारी रक्षा अहिरवार कक्षा 12 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय एवं तृतीय स्थान कुमारी राधीका कुर्मी एवं कुमारी भूरी अहिरवार ने हासिल किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। पुरस्कार वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

### एआईएफ के स्टेम प्रोजेक्ट के तहत स्टेम प्रदर्शनी का आयोजन

# 250 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए विज्ञान, तकनीक आधारित नवाचारी मॉडल, कलेक्टर ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन एवं टीमलीज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जालोरी गार्डन में स्टेम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी में विदिशा जिले के 10 शासकीय विद्यालयों में स्टेम प्रयोगशालाओं की स्थापना की गई है। कार्यक्रम में इन विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विदिशा जिला सामाजिक रूप से विविध है, जहाँ लगभग 20 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 4.6 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी निवास करती है। जिले में कुल 2,016 विद्यालय हैं, किंतु सीमित संख्या में ही आईसीटी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। ऐसे में स्टेम लैब की स्थापना बच्चों को विज्ञान और तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए 15 मिनट के गाइडेड मेडिटेशन से हुई, जिसका उद्देश्य बच्चों में एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाना था।

इसके पश्चात विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े अपने नवाचारी मॉडल निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम जाटव एवं खंड शिक्षा अधिकारी लिली जैन भी मौजूद रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों में व्यावहारिक सीख, नवाचार और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करती हैं। मॉडलों के मूल्यांकन के आधार पर प्रथम पुरस्कार माही रैकवार को ऑटोमैटिक पेट फीडर मॉडल के लिए दिया गया। तीन द्वितीय एवं छह तृतीय पुरस्कार भी विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता पुरस्कार दिए गए।



# शिव भक्ति से जीवन में आता है कल्याण: अभिषेक कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

बाबा रामदेव मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभ एवं भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है।

भारत राष्ट्र गौरव से सम्मानित भगवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान शिव केवल देवों के देव नहीं, बल्कि कल्याण के अधिष्ठाता हैं। जो भक्त सच्चे मन से शिव का स्मरण करता है, उसके जीवन से भय, रोग, शोक और संताप स्वतः दूर हो जाते हैं। शिव भक्ति मनुष्य को आत्मिक शांति के साथ जीवन का सही मार्ग प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण मानव जीवन को सदाचार, संयम और सेवा के भाव से जोड़ने वाला महान ग्रंथ है। शिव की आराधना से न केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है, बल्कि अंततः मोक्ष का मार्ग भी प्रशस्त होता है। कथा के दौरान महाराज श्री ने शिवलिंग पूजन, रुद्राक्ष धारण, महामृत्युंजय मंत्र और श्रावण मास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उनके प्रवचनों से श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे। कथा में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने आशीर्वाद लिया।



## बच्चों ने खेले खेल

**ग्यारसपुर।** तहसील मैदान में संदीपनी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना रहा। उत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कबड्डी और दौड़ मुख्य आकर्षण रहे। बच्चों ने पूरे जोश और उमंग के साथ खेलों में हिस्सा लिया, जिससे मैदान खेल भावना से सराबोर नजर आया।

TRACTOR FOR SALE
JOHN DEERE 5210 4WD
MODEL -2025
ENGINE NO.-
PY3029T350167
CHASSIS NO.-
1PY5210EPSF025343
CONTACT-
SUNDARAM FINANCE
LTD. VIDISHA (M.P.)
M : 9425600144

# पीली आभा में नहाए खेत, बसंत पंचमी पर सरसों के फूलों ने बिखेरी रंगत

## बसंत पंचमी का उल्लास : सरसों के पीले फूलों से सजे खेत


फोटो। दीवानगंज अंचल के खेत सरसों की फसल से महक रहे।

### बसंत का संदेश लेकर खिल उठे सरसों के पीले फूल, खेतों ने ओढ़ी पीली चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बसंत पंचमी के आगमन के साथ ही ग्रामीण अंचलों में प्रकृति ने मानो उत्सव का श्रृंगार कर लिया है। खेतों में लहलहाते सरसों के पीले फूल दूर-दूर तक फैली सुनहरी चादर जैसे दिखाई दे रहे हैं। ठंडी हवाओं के बीच खिली सरसों न केवल किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला रही है, बल्कि पूरे इलाके को प्राकृतिक सौंदर्य से भर रही है।

बसंत पंचमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन को बसंत ऋतु के आगमन के रूप में मनाया जाता है। खेतों में सरसों के पीले फूलों से ढके हुए क्षेत्र, जैसे पीली चादर ओढ़े हो, वातावरण को अद्भुत रंगों और खुशबू से भर देते हैं।

यह दिन किसानों के लिए खास होता है, क्योंकि सरसों की फसल इस मौसम में पककर तैयार होती है। सरसों के पीले फूलों से सजे खेतों में काम करने का आनंद किसानों को मन की शांति देता है। इस दिन को लेकर खास धार्मिक परंपराएं भी हैं। खासकर मध्य और उत्तर भारत में इस दिन मां सरस्वती की पूजा अर्चना की जाती है।

### हरियाली और रंग बिरंगे फूलों का उत्सव

बसंत पंचमी पर हर जगह पीले फूलों से सजे हुए सरसों के खेत दिखाई देते हैं। इन खेतों की सुंदरता को देखकर मन में एक अलग ही सुकून और उल्लास की भावना जागृत होती है। पीला रंग, जो बसंत के मौसम का प्रतीक माना जाता है, न केवल आकाश को अपने रंग में रंगता है, बल्कि धरती पर भी अपनी छटा बिखेरता है।

## अस्पतालों में मरीजों की संख्या में हो रहा इजाफा, चिंता में पालक

# बच्चों में लाल चकते व छाले की बढ़ी बीमारी...एक्सपर्ट बोले- सफाई रखें

### लंबे समय तक ऊनी कपड़े पहनने से बढ़ रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मौसम में ठंड बरकरार रहने के बीच बच्चों में लाल चकत्ते और छाले की बीमारी तेजी से फैल रही है। पिछले एक पखवाड़े से पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर से जनजीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। ठंड के कारण हार्ट, मम्स, वायरल फीवर कोल्ड डायरिया के ओपीडी में मरीजों की संख्या लगातार रही है। सर्दियों के मौसम में बच्चों में हैंड फुट माउथ, डिसीज का खतरा बढ़ गया है।

सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीमारी फैलने से बच्चों के शरीर पर लाल चकते, पैर व मुंह में छाले, हो जाते हैं। इससे दर्द के साथ बच्चों को बुखार आ जाता है। वहीं बच्चे सुस्त भी पड़ जाते हैं। संक्रमण फैलने के कारण तीन से सात बच्चों यह बीमारी हो जाती है। इस बीमारी का सबसे ज्यादा जोखिम डिहाइड्रेशन होना है।

शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार यह समस्या खासतौर पर छोटे बच्चों में ज्यादा देखी जा रही है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। वहीं त्वचा रोग विशेषज्ञों का कहना है कि सर्दी से बचाव के लिए बच्चों को लंबे समय तक ऊनी स्वेटर और गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। इससे पसीना, नमी और गंदगी जमा हो जाती है, जो त्वचा संक्रमण का कारण बनती है।




### लापरवाही से बढ़ सकता है खतरा... इसलिए रखें सावधानी

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक राय का कहना है कि लापरवाही बरतने पर यह बीमारी गंभीर रूप ले सकती है और सेकेंडरी इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में समय पर इलाज और साफ-सफाई ही बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। ठंड से बचाव जरूरी है, लेकिन जरूरत से ज्यादा ऊनी कपड़े पहनाना बच्चों की सेहत पर भारी पड़ सकता है। संतुलन और स्वच्छता ही सुरक्षा है। बच्चों की साफ सफाई करते रहें।

### सरकारी के साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

जिला अस्पताल सहित पाटनदेव के प्राथमिक अस्पताल, निजी क्लीनिकों में रोजाना दर्जनों बच्चे इस समस्या के साथ पहुंच रहे हैं। कई मामलों में समय पर इलाज न मिलने से संक्रमण बढ़ रहा है और बच्चों को जलन व दर्द की शिकायत हो रही है।

### एक्सपर्ट की सलाह

- डॉक्टरों ने अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।
- बच्चों की नियमित सफाई करें और पसीना आने पर कपड़े बदलें।
- ऊनी कपड़े रोज न पहनाएं, बीच-बीच में धुला और सूखा कपड़ा बदलें।
- त्वचा को सूखा और साफ रखें।
- बिना डॉक्टर की सलाह के क्रीम या दवा का इस्तेमाल न करें।
- लाल चकत्ते या छाले बढ़ने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।

### इनका कहना है

हाथ, पैर और मुंह में एक बच्चों में होने वाला डिसीज है। यह एक आम और अत्यधिक संक्रामक वाला संक्रमण है। आमतौर पर 5 साल से कम आयु तक के मासूमों होने वाला आम रोग है। यह वयस्कों में भी रोग हो जाता है।

- **डॉ फैजल खान,** आरएमओ, जिला अस्पताल रायसेन।

# हकीमखेड़ी के 274 मतदाताओं के नाम कटे, बाहरी लोगों की आपत्ति पर बवाल

## मुस्लिम परिवारों ने एसडीएम को सौंपे दस्तावेज, नाम जोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सांची विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची को लेकर गड़बड़ी, हेराफेरी और फर्जी आपत्तियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हकीमखेड़ी के सैकड़ों मुस्लिम परिवार एसडीएम कार्यालय पहुंचे और मतदाता सूची से नाम काटने को लेकर आवेदन सौंपा। पीड़ितों ने अपने पक्ष में आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत किए।

आवेदन में बताया कि ग्राम हकीमखेड़ी में रहने वाले मुस्लिम परिवार वर्षों से स्थायी मतदाता हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची में भी उनके नाम दर्ज थे। लेकिन हाल ही में बीएलओ द्वारा किए एसआईआर सर्वे में भी घर-घर जाकर दस्तावेजों का सत्यापन किया और नाम शामिल पाए गए। इसके बावजूद विधानसभा के हकीमखेड़ी पोलिंग बूथ की अंतिम रूप से जारी मतदाता सूची में फर्जी आपत्तियों के आधार पर 274 अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम काट दिए गए। पीड़ित का आरोप है कि यह आपत्तियां गांव से बाहर के लोगों द्वारा लगाई गईं हैं।

पीड़ितों का कहना है कि उनके परिवारों की कई पीढ़ियां गांव में निवास करती आ रही हैं और उनके पास मूल निवास, पहचान पत्र और अन्य वैध दस्तावेज मौजूद हैं। पीड़ितों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और सभी पात्र मतदाताओं के नाम पुनः सूची में जोड़ने की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम मनीष शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि शिकायत की जांच कराई जाएगी। और जल्द ही इस गड़बड़ी का खुलासा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# आज पदभार ग्रहण करेंगे डॉ. मांडरे

### डॉ मांडरे को मिला हाईकोर्ट से स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



सीएमएचओ पद को लेकर चल रहे विवाद में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। हाईकोर्ट जबलपुर ने 20 जनवरी को सुनवाई के बाद डॉ. एचएन मांडरे के पक्ष में स्थगन आदेश (स्टे ऑर्डर) जारी किया है। कोर्ट के आदेश अनुसार डॉ. मांडरे ही आगामी कार्रवाई तक सीएमएचओ पद पर बने रहेंगे।

गुरुवार को डॉ. मांडरे ने हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की प्रमाणित प्रति हेल्थ कमिश्नर भोपाल तथा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को सौंपी। आज शुक्रवार को डॉ. मांडरे सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर दोबारा पद का कार्यभार संभालेंगे।

इस निर्णय के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता पर विराम लग गया है।

# मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में जारी सात दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मां नर्मदा के उत्तर तट स्थित मंगलेश्वर तीर्थ मांगरोल में 19 जनवरी से नर्मदा जयंती महोत्सव का सात दिवसीय धार्मिक आयोजन महारुद्राभिषेक नर्मदा महापुराण का आयोजन चल रहा है।

प्रतिवर्ष की भांति नर्मदा मैया, पूज्य ब्रह्मचारी जी के आश्रम में आज बसंत उत्सव मनाया जाएगा पूज्य ब्रह्मचारी जी द्वारा नर्मदा पुराण कथा के माध्यम से नर्मदा मैया के किनारो पर स्थित तीर्थ देवस्थानों और नर्मदा मैया की पाद परिक्रमा सेवा आराधना तप से होने वाले पुण्य लाभ की चर्चा की गई।



### आज उपनयन संस्कार

हिन्दू धर्म सनातन संस्कृति में उपनयन संस्कार जनेऊ धारण करने का अलग ही महत्व है। 16 संस्कारों में से उपनयन संस्कार शामिल है। मंगलेश्वर तीर्थ में इच्छुक परिवारों के बालकों का सामूहिक उपनयन संस्कार वैदिक विधि अनुसार संपन्न होगा।

### आज पिलाई जाएगी ब्राह्मी

ब्रह्मचारी महाराज आयुर्वेदिक दवाओं के जानकार हैं असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवाओं से उपचार की व्यवस्था मांगरोल आश्रम में है। ब्रह्मचारी द्वारा विद्यार्थियों को स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति से ब्राह्मी का निर्माण किया जाता है। आश्रम में प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को बसंत पंचमी पर ब्राह्मी पिलाने की परंपरा बनी हुई है।

## श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली झंडा रैली

**दीवानगंज**। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्री खाटू श्याम बाबा समिति जमुनिया रोड फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित फैक्ट्री चौराहे दीवानगंज पर श्री राम लला की भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

इसके पश्चात बैंक ऑफ बड़ौदा से जय गिरिराज गार्डन तक झंडा निशान रैली ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों के साथ निकाली गई। रैली के दौरान श्रद्धालुओं ने "जय श्रीराम" और "जय खाटू श्याम बाबा" के जयघोष लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

## दो दिन में उखड़ी सड़क बनी खतरे का कारण, घटिया डामरीकरण की एसडीएम से की शिकायत

# स्टेट हाईवे से सरस्वती शिशु मंदिर तक भ्रष्ट निर्माण की पोल खुली, स्कूली बच्चे व रहवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्टेट हाईवे 15 से सरस्वती शिशु मंदिर तक हाल ही में किए डामरीकरण की पोल दो दिन में ही खुल गई। सड़क उखड़ने लगी है और जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों को परेशानी झेलना पड़ रही है।

मामले को लेकर वीर शिक्षण समिति ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और घटिया डामरीकरण की जांच कर पुनः निर्माण की मांग की। समिति द्वारा सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सरस्वती नगर वार्ड 14 में मुख्य मार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर तक किया डामरीकरण बेहद घटिया स्तर का है। निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसका परिणाम है कि सड़क दो दिन भी टिक नहीं पाई। सड़क की परत उखड़ने से जगह-जगह गिट्टी और डामर बिखर गया है। समिति ने मांग की है कि इस डामरीकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर कार्रवाई की जाए।



### बदहाल सड़क से बच्चे गिरकर हो रहे घायल

ज्ञापन में बताया गया कि इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे सरस्वती शिशु मंदिर आते-जाते हैं। वाहनों का आवागमन भी होता है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण बच्चों के गिरने, घायल होने और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बरसात के मौसम में यह सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाएगा।


## ब्रह्मलीन गुरुजी ने शिवलिंग का निर्माण कर की थी स्थापना

# बड़े गुरु की साधना, तपस्या स्थली और घोघरा नदी का उदगम स्थल भंडारिया में हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

विंध्याचल पर्वत श्रेणी में घनघोर जंगल के बीच भगवान शंकर का धार्मिक स्थान भंडारिया दशकों से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। बापौली वाले ब्रह्मलीन बड़े गुरु जी ने भंडारिया में बरसों तक तपस्या साधना की थी। भंडारिया के पास जंगल से ही घोघरा नदी का उद्गम स्थल है। घोघरा नदी जंगल का कई किलोमीटर का सफर कर नगर के निकट से निकलते हुए बारना नदी में मिलती है बारना और घोघरा नदी 9 किलोमीटर दूर बगलवाडा के पास नर्मदा मैया में जल मिल जाता है।

जब 6-7 दशक पूर्व बड़े गुरु जी भंडारिया में साधना तपस्या करते थे घनघोर जंगल की गुफा में गुरु जी निवास करते थे, तब गुरु जी के आदिवासी शिष्य गिलाराम ने एक छोटी सी मढ़िया का निर्माण किया। ब्रह्मलीन गुरुजी ने अपने हाथों से शिवलिंग का निर्माण और स्थापना की गई जो आज भी शिव भक्तों का श्रद्धा केंद्र बना हुआ है। शिवरात्रि पर भंडारिया में मेला भरने की परंपरा बनी हुई है।



भंडारिया में भारी संख्या में शिव भक्त पहुंचे गुफा घोघरा नदी के उद्गम स्थल और बड़े गुरुजी द्वारा स्थापित शिवलिंग के दर्शन किए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कथा व्यास महामंडलेश्वर बड़े गुरु जी के शिष्य ब्रह्मचारी ने कहा कि कलयुग में ईश्वर का स्मरण ही भवसागर पार करने का साधन है नाम जप की महिमा अपार है।

### ब्रह्मचारी ने जप करने का श्रद्धालुओं को दिलाया संकल्प

ब्रह्मचारी ने उपस्थित धार्मिक श्रद्धालुओं को सुबह-शाम एक-एक घंटे ईश्वर नाम का जप करने का संकल्प दिलाया। भंडारिया धाम धार्मिक स्थल घोघरा नदी के उद्गम स्थल को पर्यटन एवं धार्मिक दृष्टि से विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन हुआ।

# श्रीरामलला मंदिर की वर्षगांठ पर निकाली भव्य शोभायात्रा, हज़ारों श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

अयोध्या में श्रीरामलला मंदिर की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रामभक्तों ने इस शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कन्याएं हाथ में ध्वज लिए चल रही थीं। एक सुसज्जित रथ पर रामलला के विग्रह और हनुमान जी की प्रतिमाएं रखी गई थीं। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते हुए भक्तिमय माहौल बना रहे थे।

यह शोभायात्रा स्थानीय श्री हनुमान मंदिर टेकापार से शुरू हुई और मुख्य मार्ग से होते हुए नंदनी नगर के पंचवटी होटल से होते हुए वापस बस स्टैण्ड पर स्थित अन्नपूर्णा माता के मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा के रथ पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा भी की गई।



इस अवसर पर दीपेश तिवारी अम्मू भैया शशांक दुबे शशांक तिवारी चेतन सैन संतोष कुशवाहा, रोहित मीणा (लारा) संजय राय शिवम दुबे, सौरभ श्रीवास्तव, नगर परिषद अध्यक्ष जिनेश सिंघई, रघुराज ठाकुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा लोकेश माहेश्वरी, समेत हजारों की संख्या में रामभक्त मौजूद रहे। गैरतगंज थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ चल समारोह में मौजूद रहे।